## महत्वपूर्ण एवं खास

### 189 लोगों ने दाखिल किया नामांकन

**» 205 लोगों ने लिए फार्म**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 हेतु रायगढ़ जिले में आज रायगढ़ नगर निगम में 47, खरसिया नगर पालिका परिषद में 28 तथा नगर पंचायतों लैलूंगा में 01, पुसौर में 01, बरमकेला में 25, सरिया में 17, घरघोड़ा में 35, धरमजयगढ़ में 21 व किरोड़ीमल नगर में 14 लोगों सहित कुल 189 लोगों ने नामांकन दाखिल किया। वहीं रायगढ़ नगर निगम में 70, खरसिया नगर पालिका परिषद में 44 तथा नगर पंचायतों लैलूंगा में 20, पुसौर में 14, बरमकेला में 14, सरिया में 14, घरघोड़ा में 06, धरमजयगढ़ में 08 व किरोड़ीमल नगर में 15 लोगों सहित कुल 205 लोगों ने निक्षेप राशि जमा कर नाम निर्देशन पत्र लिए।

नगरीय निकाय का नाम आज प्राप्त नामांकनों की संख्या आज जमा की गई निक्षेप राशि की संख्या

नगर पालिक निगम रायगढ़ 47 70
नगर पालिका परिषद खरसिया 28 44
नगर पंचायत-घरघोड़ा 35 06
नगर पंचायत-सरिया 17 14
नगर पंचायत-लैलूंगा 01 20
नगर पंचायत-पुसौर 01 14
नगर पंचायत-बरमकेला 25 14
नगर पंचायत-धरमजयगढ़ 21 08
नगर पंचायत-किरोड़ीमलनगर 14 15

### हाथियों का उत्पात, ग्रामीणों में दहशत

**कोरबा (आरएनएस)।** कटघोरा वनमंडल के केंदई, एतमानगर, जटगा, पसान परिक्षेत्र में जमकर उत्पात मचाते हुए जनधन को हानि पहुँचाने के बाद हाथियों का एक दल पाली परिक्षेत्र के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र काचरमार एवं बगदरा पहुँच गया है और यहाँ भी उत्पात मचाया जा रहा है, जिससे इस इलाके में बसे ग्रामीण बेहद दहशतजदा है। बताया जा रहा है लगभग 25 हाथियों का दल उक्त क्षेत्र में विचरण कर रहा है जिसमे 3 से 4 बेबी एलिफेंड भी शामिल है। बीते मध्य रात्रि हाथियों के इस दल ने काचरमार में बसे इलाकेकेसमीप पूरी रात जमकर उत्पात मचाया तथा फसल को नुकसान पहुँचाने सहित कई पेड़ो को भी उखाड़ फेंका, जिसकेबाद हाथियों का उक्त दल बगदरा के समीप पहुँच गया और चैतुरगढ जाने वाले मुख्य मार्ग पर काफी समय तक डेरा जमाए रखा। हाथियों के एकाएक इस क्षेत्र में दस्तक एवं मचाए जा रहे उत्पात से वनांचल में बसे ग्रामीणों में खौफ का माहौल देखा जा रहा है। रहवासी रात्रि जागरण कर समय बिता रहे है। इस क्षेत्र में निवासरत ग्रामीणों के अनुसार हाथियों का दल आसपास जंगल में ही विचरण कर रहा है जहाँ शांझ ढलते ही रहवासी इलाके के समीप पहुँच जाते है तथा कोठार में रखे धान की खरही को अपना निवाला बना रहे है। साथ ही चिंघा? के साथ उत्पात भी मचा रहे है। फिलहाल हाथियों का यह दल अभी भी काचरमार व बगदरा के आसपास जंगल में विचरण करने की जानकारी मिल रही है।

### स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव का सरगुजा प्रवास आज

**रायपुर (आरएनएस)।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव सरगुजा प्रवास पर जाएंगे। वे रायपुर से दुर्ग-अम्बिकापुर एक्सप्रेस द्वारा रवाना होकर 6 दिसम्बर को सवेरे साढ़े आठ बजे अम्बिकापुर पहुंचेंगे।

### राज्यपाल ने 6 जवानों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने नारायणपुर जिले के कडेनार स्थित आई.टी.बी.टी. कैम्प में कल एक जवान द्वारा फायरिंग करने से छहः जवानों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि नक्सल क्षेत्रों में सुरक्षा बल के जवान समर्पित होकर अपने कर्त्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा है कि वे परिवार से दूर रहकर आमजनों की सुरक्षा में लगे हुए हैं।

### तेलंगाना हत्याकांड के विरोध में छात्रों ने मौन रैली के साथ केंडल जला कर दी श्रद्धांजलि

गरियाबंद, 05 दिसंबर (आरएनएस)। एंजेल्स एंग्लो पब्लिक स्कूल गरियाबंद द्वारा तेलंगाना में बलात्कार और हत्याकांड के विरोध में विशाल मौन रैली शाला प्रांगण से लेकर तिरंगा चौक तक निकाली गई,तिरंगा चौक पर शिक्षकों एवं 300 छात्र छात्राओं द्वारा मोमबत्तियाँ जलाकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2मिनट का मौन धारण करते हुए श्रधांजलि भी अर्पित की गई।

# 24 घण्टो में लाखों की लूट का पर्दाफास

**» एसबीआई खरसिया के पास हुए 13 लाख लूट का एसपी ने किया खुलासा**
**» मुख्य आरोपी कार्तिक राम रात्रे नपं. अध्यक्ष अड़भार, उसका पुत्र व रिश्तेदार सहित 3 आरोपी गिरफ्तार**
**» लूट की रकम 13 लाख रुपए तथा घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो वाहन, एक बाइक व मोबाइल आरोपियों से जप्त**





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह द्वारा दिनांक 03.12.2019 को एसबीआई खरसिया बैंक के पास हुए लूट का खुलासा पुलिस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना मालखरौदा जिला जांजगीर चांपा के ग्राम अड़भार निवासी कन्हैया राठौर जो ठेकेदार है तथा नगर पंचायत अड़भार में ठेकेदारी में कार्य कराता है, कन्हैया राठौर का एसबीआई खरसिया में बैंक एकाउंट है। कन्हैया राठौर द्वारा दो सेल्फ चेक क्रमशः 06 लाख एवं 07 लाख रूपये का ग्राम अड़भार के अगतराम रात्रे जो कन्हैया के ठेकेदारी में सहयोग करता है को दिनांक 02.12.19 को एसबीआई खरसिया से आहरण कर रूपये लाने के लिये दिया था। अगतराम रात्रे ने उसी दिन चेक से रूपये निकालने जाने की जानकारी उसके भाई कार्तिक राम रात्रे को दिया। कार्तिक राम रात्रे वर्तमान में नगर पंचायत अडभार का अध्यक्ष है। कार्तिक राम गांव के विकास देवागंन को बैंक में लाईन लगकर चैक कैस करने के लिये अपने साथ चलने को बोले जो राजी होकर अपने बाईक से बैंक पहुंचा। कार्तिक राम रात्रे और अगतराम रात्रे दोनों स्कार्पियो वाहन से एसबीआई बैंक खरसिया दिनांक 03.12.19 के दोपहर पहुंचे। तीनों एक साथ बैंक अंदर चेक केस कराने गये। बैंक में सेल्फ चेक से विकास ने रूपये 6 लाख तथा अगतराम ने 7 लाख रूपये निकाले। विकास देवांगन 6 लाख रूपये ठेकेदार कन्हैया को देने के लिये अगतराम को देकर उसी समय बैंक में देकर चला गया। अगतराम 6 लाख रूपये को थैला में तथा 7 लाख को बैग में रखकर दोनों को पकड़कर दोपहर करीब 12:50 बजे बैंक से कार्तिकराम रात्रे के साथ निकाला, कार्तिकराम आगे-आगे तथा पीछे रूपयों को लेकर अगतराम आ रहा था कि बैंक से 40 मीटर गया ही था कि रोड़पर आने जाने वाली बाइक के बीच एक बाईक पर दो नकाबपोश व्यक्ति आये और अगतराम से रूपयों से भरा थैला और बैग लूटकर भाग गये। घटना की सूचना मिलते ही एस.डी.ओ.पी. खरसिया, थाना प्रभारी खरसिया एवं चौकी प्रभारी खरसिया अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। एस.डी.ओ.पी. खरसिया घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को देते हुए पूरे थाना क्षेत्र में नाकेबंदी करवाएं वही रिपोर्टकर्ता अगतराम रात्रे पिता ननकीदाउ उम्र 42 साल साकिन अड़भार के रिपोर्ट पर थाना खरसिया (चौकी खरसिया) में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अप.क्र. 517/19 धारा 392 भादंवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह द्वारा एसडीओपी खरसिया पितांबर पटेल के नेतृत्व में थाना खरसिया, थाना छाल, चौकी खरसिया एवं सायबर सेल को माल मुल्जिम की पतासाजी के लिये निर्देशित कर एडडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा को मौके पर जाकर घटना की वस्तुस्थिति से अवगत कराने निर्देशित किए। पुलिस की टीम प्रार्थी, गवाहों से पूछताछ कर घटना की तस्दीकी के साथ उपलब्ध संसाधनों से माल मुल्जिम की पतासाजी कर रही थी, देर शाम रात तक बैंक से आरोपियों के भागने के रास्तों पर लगे सीसीटीवी फुटेज को निकाला गया। कार्तिक राम पूछताछ में पुलिस टीम को प्रार्थी से अलग आरोपियों के भागने का रास्ता बता रहा था जिस पर पुलिस को संदेह हुआ तथा कुछ सीसीटीवी कैमेरे के फुटेज में एक बाइक में दो नकाबपोश व्यक्ति दिखे जो पीड़ित/प्रार्थी अगतराम से लूटी हुई है थैला व बैग पकड़े दिख रहे थे। पीड़ित/प्रार्थी अगतराम व विकास देवांगन को भी फुटेज दिखाया गया जिन्होंने सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे नकाबपोश व्यक्ति को कार्तिक राम रात्रे के पुत्र विक्रम रात्रे के रूप में पहचान किए जिस पर पुलिस टीम द्वारा विक्रम रात्रे को हिरासत में लिया गया और उससे पूछताछ की गई। विक्रम रात्रे ने अपने साले चित्रसेन सतनामी निवासी तेलीकोट के साथ उसके बड़े पिताजी अगतराम से रुपए लूट कर भागना बताया एवं घटना के साजिशकर्ता अपने पिता कार्तिक राम रात्रे को बताया। पुलिस टीम ने कार्तिक राम रात्रे से पूछताछ किया गया तो उसने अपनी साजिश से पर्दाफास कर बताया कि उसे ठेकेदार कन्हैया राठौर के सेल्फ चेक से काफी बड़ी रकम एसबीआई खरसिया से निकाले जाने की जानकारी पूर्व से थी। उसने रूपये लूट करने की योजना में अपने पुत्र विक्रम रात्रे और तेलीकोट के चित्रसेन सतनामी को भी शामिल किया जिन्हें अपनी योजना बताया और पूर्व सुनियोजित तरीके से अपनी स्कार्पियो सीजी 11 एएम-3999 में स्वयं तथा बिना नम्बर ग्लैमर बाईक में बेटे विक्रम और चित्रसेन के साथ बैंक के बाहर लूट की तैयारी के साथ पहुंचे थे। जब अगतराम रूपये को थैला एवं बैग में लेकर बैंक से बाहर निकल रहा था तो कार्तिकराम काफी आगे-आगे तथा उनकी योजना से अंजान अगतराम रात्रे पीछे था जिससे बाईक में आकर विक्रम और चित्रसेन रूपये लूटकर भाग गये। उसी दरम्यानि कई और बाईक भी गुजरी जिन्हें भी लूट में शामिल थे समझकर अगतराम द्वारा दो बाईक में चार लोगों द्वारा घटना कारित करने की रिपोर्ट भूलवश दर्ज कराया। विक्रम रात्रे, अगतराम से रुपयों भरा थैला एवं बैग छीनकर ग्राम भाटा थाना मालखरोदा में अपने साढू भाई चेतन्य रात्रे के घर उनकी गैरमौजूदगी में बच्चों के सामने बैग व थैला छोड़कर चला गया कि बाद में लेने आऊंगा। खरसिया पुलिस द्वारा आरोपियों के अपराध कबूलनामे के बाद आरोपी विक्रम रात्रे के मेमोरेंडम पर ग्लैमर बाईक बिना नम्बर तथा 13 लाख रूपये बरामद कर जप्त किया गया है वहीं आरोपी कार्तिक राम रात्रे से स्कॉर्पियो सीजी 11 एएम-3999 व एक मोबाइल जप्त कर गिरफ्तार किया गया है।

घटना का साजिशकर्ता आरोपी (1) कार्तिक रात्रे पिता ननकी दाऊ रात्रे उम्र 40 वर्ष, उसका पुत्र आरोपी (2) विक्रम रात्रे पिता कार्तिक रात्रे 22 साल दोनों निवासी अडभार थाना मालखरौदा जिला जांजगीर चांपा एवं विक्रम का साला आरोपी (3) चित्रसेन सतनामी पिता बुद्धुराम सतनामी उम्र 37 साल निवासी तेलीकोट थाना खरसिया को आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# खेल में अभ्यास के साथ लगन और मेहनत बहुत जरूरी-कलेक्टर





**» कलेक्टर ने बास्केट बाल के खिलाड़ियों से की मुलाकात**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार से आज रायगढ़ जिले के बास्केटबॉल के प्रतिभावान खिलाड़ियों से भेट की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में अपनी कोच श्रीमती अंजू जोशी के साथ खिलाड़ी कलेक्टोरेट पहुंचे थे। कलेक्टर ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनकी उपलब्धियों को जाना। जिनमें हाल ही में 3 खिलाड़ियों द्वारा नेशनल 2 खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न वर्गों में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं में शामिल होने की बात बतायी। कलेक्टर यशवंत कुमार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनायें दी। कलेक्टर यशवंत कुमार ने बच्चों से कहा की खेल में अभ्यास के साथ लगन और मेहनत बहुत जरुरी है। आगे उन्होंने कहा कि आप अपने खेल में सुधार के साथ शारीरिक क्षमता बढ़ाने में भी ध्यान दें, जिससे आप सभी एक बेहतरीन खिलाड़ी के रूप में उभर पाएंगे और चोट व इंजरी से भी दूर रहेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों से उनके अभ्यास रूटिन के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली, जिस पर कोच व खिलाड़ियों ने बताया की सबसे पहले रायगढ़ स्टेडियम के पांच चक्कर लगाते हैं, उसके बाद बेसिक ड्रिल करवाया जाता हैं। हफ्ते में 2 दिन बास्केटबॉल खेल का अभ्यास किया जाता है। शेष दिनों में खिलाडियों के खेल तकनीक उनकी स्ट्रैंथ पर काम किया जाता है। जिससे खिलाड़ी खेल के सभी पहलुओं में दक्ष हो सकते है। कलेक्टर यशवंत कुमार ने सभी खिलाडियों को उत्कृष्टता का प्रमाण पत्र दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर खेली खिलाड़ी दीपा वैष्णव व अंजली तिग्गा, राज्य स्तरीय मिताली नाग, प्रमिला खाडिय़ा, रीता खाडिय़ा, सोनल यादव, नेहा शाह, लीसा रात्रे, चांदनी तिवारी, तिजो एक्का, शीतल केरकेट्टा, निकिता मिंज, सविता यादव, विभूति यादव, भारती खाडिय़ा, कल्पना तिवारी, रिया सिदार, अमिता खाडिय़ा, श्रद्धा बघेल, टिव्कल यादव के साथ राष्ट्रीय स्तरीय बालक खिलाडी विद्याधर, ओमनाथ, मनीष, आशीष चौहान तथा राज्य स्तरीय खिलाड़ी आर्यन चौहान, मौसम चौहान, लोकेश मराठा उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी लारा को सप्लाई कोयले की हेराफेरी करने वालों पर अपराध पंजीबद्ध

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर दिनांक 02.12.19 को थाना प्रभारी पूंजीपथरा व स्टाफ द्वारा ग्राम देलारी के जय भोले कोल डिपो में एन0टी0पी0सी0 लारा पुसौर के लिये दुलंगा कोल माईंस सुंदरगढ (ओडिसा) से ट्रेलर वाहन क्र0 सीजी13 एडी-4252, सीजी13 एएफ- 2159 एवं सीजी13 एडी- 4253 के चालकों द्वारा लाये गये अच्छी किस्म के कोयले की चोरी कर कोल डिपो में पहले से रखे कोयला पत्थर, चारकोल मिक्स कर लारा एनटीपीसी को सप्लाई करने की योजना को रेड कर विफल किया गया था तथा मौके पर तीनों ट्रेलर वाहन सीजी में लोड कुल 101.300 मेट्रिक टन कोयला कीमती रू.1,91,573 01 पोकलेन लोडर मशीन, 02 जेसीबी मशीन जप्त कर जय भोले कोल डिपो में कार्यरत ऑपरेटर - शेख अनीश, मुंशी- संतोष प्रजापति, लोडर ऑपरेटर - सीताराम भारद्वाज, जेसीबी ऑपरेटर- संजय तिर्की, ट्रेलर चालक - इरफान अली, बब्लू चौहान एवं संजय साहू के विरूद्ध इस्तगासा धारा 41(1+4)सीआरपीसी/ 379 आईपीसी के तहत कार्यवाही की गई थी।

कोयले की हेराफेरी को लेकर दिनांक 04.12.19 को एन0टी0पी0सी0 लारा पुसौर के एडिशनल जनरल मैनेजर एवं फ्यूल मैनेजमेंट आफिसर देबाशीष साह द्वारा थाना पूंजीपथरा में ट्रांसपोर्टर, वाहन मालिक, चालको एवं संचालक के विरूद्ध कार्यवाही हेतु आवेदन पत्र दिया गया जिस पर थाना पूंजीपथरा में मां कालिका ट्रांसपोर्ट प्रा0 लि0 राजगांगपुर सुंदरगढ (ओडिसा), संचालक मनोज तमता एवं ट्रेलर चालक - इरफान अली, बब्लू चौहान एवं संजय साहू अप.क्र. 232/19 धारा 407, 411, 120(बी) भा0द0वि0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## स्कूलों का करें सतत् निरीक्षण-सहायक कलेक्टर संबित मिश्रा

**सहायक कलेक्टर ने ली शिक्षा की गुणवत्ता के लिए समीक्षा बैठक**




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सहायक कलेक्टर संबित मिश्रा ने जनपद पंचायत रायगढ़ में शिक्षा के गुणवत्ता के संबंध में संकुल समन्वयक, बीईओ, बीआरसी (विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक) एवं जनपद सीईओ की बैठक ली एवं किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। सहायक कलेक्टर संबित मिश्रा ने कहा कि सभी शिक्षक स्कूलों में पाठ्यक्रम पूरा करायें एवं शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के स्कूलों का सतत् निरीक्षण करें एवं शैक्षणिक कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों की उपलब्धता एवं भवन की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर जनपद सीईओ सागर सिंह, सहायक संचालक शिक्षा श्रीमती दीप्ति अग्रवाल एवं सभी संकुल समन्वयक, बीईओ, बीआरसी उपस्थित थे।

## किसानों को मौसम संबंधी कृषि सलाह

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश के किसानों को कृषि विभाग के वैज्ञानिकों ने रबी मौसम में ली जाने वाली गेहू, चना, कुसुम, अलसी, मसूर, सूरजमुखी तथा सब्जियों के बीज की बुवाई और फलदार पौधों के कटाई-छटाई एवं जड़ो के पास गुडाई तथा आवश्यक दवाई डालने के लिए जरूरी सलाह दी है। कृषि वैज्ञानिकों ने सलाह दी है कि किसान भाई रबी फसले जैसे- चना, कुसुम, अलसी, मसूर, सूरजमुखी, तिल, एवं मूंगफली आदि फसलों की बोनी का कार्य जारी रख सकते हैं। किसान 10 दिसम्बर तक गेहूँ की शीघ्र पकने वाली प्रजातियों की बुवाई करें। इसके पश्चात् बुवाई करने पर बीज दर 25 प्रतिशत बढ़ाकर बुवाई करें। हमेशा प्रस्तावित किस्मों के प्रमाणित बीजों को बीजोपचार पश्चात् बुवाई करें। छोटे किसान बैल चलित भोरमदेव सीडड्रील का प्रयोग कर चने की कतार बोनी कर सकते हैं।

## अब नहीं जलेगी खेत की पराली, बल्कि उसका बनेगा रोल व बंडल

**» यह मशीन 5 मिनट में बनाती है पराली का 20 मीटर लम्बा रोल » बेलर मशीन का किया जा रहा है प्रदर्शन » किसानों को जागरूक कर बताये जा रहे है मशीन के फायदे**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कृषि विभाग रायगढ़ द्वारा आज बरमुड़ा ग्राम में बेलर मशीन से पराली एकत्रित करने का प्रदर्शन किया। जिसमें खेतों में कटाई के बाद बचे पराली को मशीन के द्वारा इकट्ठा कर रोल बनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि इस मशीन से पराली के 20 मीटर लम्बे तथा 15 से 16 किलो ग्राम वजनी रोल व बंडल बनाये जा सकते है। एक बंडल चार से पांच मिनट में तैयार हो जाता है तथा 8 घंटे में यह मशीन तीन से चार एकड़ खेत के पराली से लगभग 150 बंडल तैयार कर सकती है। वर्तमान में इस मशीन का प्रदर्शन किसानों के लिए किया जा रहा है जिससे वे जागरूक होकर पराली को जलाने से बचेंगे तथा सुविधाजनक तरीके से पराली को इकट्ठा कर उपयोग किया जा सकेगा। इस मशीन के इस्तेमाल से पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण व नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के प्रावधानों के उल्लंघन से भी बचा जा सकता है। वहीं दूसरी ओर खेतों में जीवांश जो मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाते है वे जलने से नष्ट हो जाते थे, वह भी अब बच जायेंगे तथा रासायनिक उर्वरक की खपत भी कम हो जायेगी। प्रारंभिक चरण में कृषि विभाग द्वारा इसका प्रदर्शन किसानों की जागरूकता के उद्देश्य से किया जा रहा है, जो जिले के एक हजार हेक्टेयर अर्थात 2500 एकड़ में पराली को इकट्ठा करके रोल बनाया जायेगा। उक्त पराली को गौठानों में पशुओं के चारे के लिए उपयोग किया जाएगा। बेलर मशीन के प्रदर्शन के दौरान उप संचालक कृषि एल.एम.भगत सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व किसान उपस्थित रहे।

### कैसे काम करती है मशीन

* बेलर मशीन को 25 एचपी से अधिक क्षमता के ट्रेक्टरों के साथ जोड़कर खेतों में चलायी जाती है।

* खेतों से पराली को मशीन द्वारा उठाकर बेल चेम्बर में डाला जाता है जहां पराली रबर के 6 से 8 बेल्टों के सहारे आपस में गुंथने में लगते है। जैसे-जैसे और पराली आने लगती है तो यह चेम्बर से गुजरकर रोल बंडल की शक्ल में तैयार होते जाती है।

* बेल चेम्बर पूरी तरीके से भरने के बाद मशीन द्वारा उस रोल को खाली कर अगली रोल बनायी जाती है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480